हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 2 मार्च 2025

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 चाक चौबंद सुरक्षा के बीच गिरौदपुरी मेला 4 से 6...



14 भाटापारा स्टेशन में रूका हुआ निर्माण कार्य ...





## खबर संक्षेप

### मां-बेटे से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बड़ेडाभा के युवक व उसकी मां के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट पर बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को विजयलाल बारिक निवासी ग्राम बड़ेडाभा ने बताया कि 27 फरवरी की रात को वह अपनी मां के साथ पुराना घर से ग्राम बड़ेडाभा से छोटेपटनी जाने का मार्ग पर स्थिति निर्माणाधीन मकान रात में रखवाली करने के लिए आ रहा था। रात करीब 9 बजे निर्माणाधीन मकान के पास गांव के नीलांबर बारीक उर्फ पकलू आकर बोला कि तुम लोगों ने अपनी लड़की की शादी पिंटू कोसरिया के साथ क्यों कर दी। ऐसा कहकर वह गाली गलौज करते हुए लोहे का चाकूनुमा वस्तु से वार कर दिया। जिससे बांये हाथ की हथेली, सीने में व बांये पैर में चोट लगी है। इस दौरान मां लछन बारीक बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### प्रतिबंध हार्न पर 33 सौ का जुर्माना

**सरायपाली।** दुपहिया वाहनों को मॉडिफाइड कर तेज आवाज के साथ सड़कों पर दौड़ाने वाले वाहन चालकों की अब खैर नहीं है। इस प्रकार के वाहनों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी अमित शुक्ला द्वारा एक बुलेट वाहन पर कार्रवाई करते हुए 3300 का चालान काटा गया है। वहीं थाना प्रभारी शुक्ला ने समस्त शहरवासियों व क्षेत्रवासियों से भी अपील की है कि वे सड़कों पर इस तरह से किसी भी वाहनों को ना चलाएं, जिससे आमजनों को किसी प्रकार की परेशानी हो। विशेष रूप से वहां के साइलेंसर को मॉडिफाइड कर तेज आवाज के साथ बाइक चालकों को उन्होंने विशेष चेतावनी देते हुए इस प्रकार के वाहन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।

### स्कूलों का किया गया औचक निरीक्षण

**सरायपाली।** बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल द्वारा सरायपाली विकासखंड के शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला जंगलबेड़ा, प्राथमिक शाला राजाडीह, प्राथमिक शाला गोहरापाली, प्राथमिक एवं उप्राशा तोरेसिंहा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी स्कूलों को विद्यार्थी विकास सूचकांक कक्षावार प्रदर्शित कर जो बच्चे दक्षता में कमजोर स्तर पर हैं उन पर विशेष फोकस करते हुए तथा अतिरिक्त कक्ष लगाकर पूर्ण दक्ष बनाने पर जोर दिया। अनुदान मद में प्राप्त राशि का नियमानुसार उपयोग करने के लिए प्राथमिकता तय करते हुए राशि को शाला विकास में खर्च करने की हिदायत दी। सभी शालाओं में जादुई पिटारा का निर्माण कर उसका शिक्षण में समुचित उपयोग हेतु टिप्स दिए। निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त हो, के लिए प्रधान पाठकों को विशेष ध्यान देने की सलाह दी। प्राथमिक शाला राजाडीह के बच्चों के गुणवत्ता की जांच की गई। जिसमें बच्चों की उपलब्धि स्तर को देखकर बहुत खुश नजर आए। कक्षा दूसरी से ऊपर के सभी बच्चे पुस्तक आसानी से पढ़ पा रहे थे एवं गणितीय सवालों का आसानी से जवाब दे रहे थे। साथ ही सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को भी बहुत अच्छे से बताया।

### विनोद चंद्राकर होंगे बलौदाबाजार पर्यवेक्षक

**महासमुंद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा नगर निगमों, नगर पालिकाओं में सभापति व नेता प्रतिपक्ष चयन के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इसी तारतम्य में पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद लाल चंद्राकर को बलौदाबाजार का पर्यवेक्षक बनाया है।

# पालिका के नव निर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों को शपथ ग्रहण का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद के चुनावी नतीजे घोषित होने के 15 दिनों के बाद भी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण समारोह की तिथि घोषित नहीं हुई है। वहीं नगरपालिका में उपाध्यक्ष चुनाव के संबंध में बताया गया है कि पहले नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा, जिसके पश्चात अध्यक्ष की अनुशंसा पर निर्वाचित पार्षदों की आहुत प्रथम बैठक में निर्धारित नियमों व प्रक्रिया के तहत उपाध्यक्ष पद का चुनाव नियुक्त निर्वाचन अधिकारी द्वारा संपन्न कराया जावेगा।

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उपाध्यक्ष पद के लिए पार्टी के टिकट पर लगातार चौथी बार निर्वाचित पार्षद रोहित साहू के अलावा तीन बार पार्षद का चुनाव जीतने वाले जितेन्द्र माहले व सतीश पटेल प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं, किंतु पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा नपाध्यक्ष पद अनारक्षित वर्ग होने तथा सामान्य वर्ग के अशोक जैन के विजयी होने की बात को ध्यान में रखते हुए उपाध्यक्ष पद के लिए महिला पार्षद रेखा पोषण पटेल के नाम पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में पार्टी के कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा दबी जुबान से पार्टी के प्रति समर्पित होकर कार्य करने वालों की उपेक्षा होने पर कार्यकर्ताओं के मनोबल पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ने की बात कही जा रही है।

## परिणाम जारी होने के 15 दिनों बाद भी घोषित नहीं हुई तिथि

### मौके के इंतजार में कांग्रेस

राजनैतिक विश्लेषकों के अनुसार नगरपालिका में बहुमत नहीं मिलने के बावजूद कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेताओं द्वारा नगरपालिका में उपाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर भाजपा की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उपाध्यक्ष पद को लेकर यदि असंतुष्टों द्वारा बगावत करने की स्थिति में उन्हें समर्थन देकर अपने पक्ष में लाने से भी पीछे नहीं हटने की जानकारी कांग्रेस पार्टी सूत्रों द्वारा दी गई है।



### सांसद रूप कुमार चौधरी को पर्यवेक्षक नियुक्त

भाजपा को नगरपालिका में बहुमत मिलने के पश्चात पार्टी द्वारा नगरपालिका में उपाध्यक्ष पद के लिए पार्षदों से मिलकर उनकी राय जानने के लिए सांसद रूप कुमार चौधरी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है, किंतु उपाध्यक्ष पद को लेकर निर्वाचित पार्षदों के बीच मतभेद होने की बात उभरकर सामने आ रही है।


## परीक्षा के दौरान दो बार बंद हुई बिजली, केंद्र में 200 मीटर लंबा गड्ढा छात्रों के लिए बना जानलेवा

# बारहवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू, केंद्रों में नहीं हैं बुनियादी सुविधाएं, परिसर में जानलेवा गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 का शुभारंभ शनिवार से हुआ। पीएम श्री सेजेस हायर सेकंडरी स्कूल सुहेला में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। विद्यार्थियों ने प्रशासन से मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर समाधान के लिए अपील की। परीक्षार्थियों ने बताया कि शनिवार को हिंदी का पेपर था और वह काफी अच्छा रहा। अधिकांश विद्यार्थी खुशी-खुशी परीक्षा देकर बाहर निकले। हालांकि, केंद्र में कुछ मूलभूत सुविधाओं की कमी रही। विद्यार्थियों ने पानी की कमी और शौचालय में पानी की व्यवस्था न होने की समस्या बताई। इसके अलावा, परीक्षा के दौरान दो बार बिजली भी बंद हुई, जिससे विद्यार्थियों को असुविधा हुई। विद्यालय परिसर में एक महीने से गहरा गड्ढे को खोदा गया है, जो लगभग 200 मीटर लंबा है और पाइप लाइन के लिए खोला गया है। विद्यार्थियों को इस गड्ढे को पार करके परीक्षा केंद्र तक ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ शौचालय में पानी की व्यवस्था नहीं






### जांच के लिए टीम भेजूंगा

चेक करवाता हूं, सुहेला को देखा नहीं हूं। 3 से 5 मार्च तक रायपुर में ट्रेनिंग है, फिर भी देखता हूं, अपने टीम को भेजूंगा। मैं परसों भेजता हूं, जो भी समस्या है पूरा देखेंगे।

-अरुण कुमार सोनकर
परीक्षा नोडल अधिकारी

### परीक्षा शुरू, पहले दिन 16 रहे अनुपस्थित



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ में बोर्ड परीक्षा की शुरुआत शनिवार से हो चुकी है, जहां पहले दिन 12वीं के छात्रों की परीक्षा का आगाज हिन्दी पेपर से हुआ। विकासखण्ड में 1804 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी।भाटापारा ब्लॉक में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 16 छात्र-छात्राएं परीक्षा में अनुपस्थित रहे। प्रथम दिन उड़नदस्ता टीम भी परीक्षा केंद्रों में पहुंची, लेकिन कहीं किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण नहीं पाया गया। पेपर सरल था। परीक्षा केंद्रों से निकले छात्रों में प्रश्नपत्र को लेकर चेहरों पर मुस्कान थी।

### हिन्दी प्रश्न पत्र से शुरू हुई 12वीं बोर्ड की परीक्षा

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की परीक्षा शनिवार से शुरू हुई। प्रथम प्रश्न पत्र हिंदी था। किसी भी परीक्षा केंद्र में अनुचित साधनों के प्रयोग के प्रकरण नहीं मिले। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर सहित दल के सदस्य सोमेश्वर राव, सूरज कसार, आशा शुक्ला द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पलारी, सेजेस रोहांसी, सेजेस ओडान का आकस्मिक निरक्षण किया गया, जिसमें सभी स्कूलों में किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण नहीं पाया गया। बैठक, प्रकाश, पेयजल, व्यवस्था सुनियोजित पायी गई।



## धान खरीदी में धोखाधड़ी उजागर एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

धान खरीदी केंद्र रिकोकला में वहां के कर्मचारी द्वारा आर्थिक लाभ प्राप्त करने धान खरीदी के रिकॉर्ड में कूटरचना कर धोखाधड़ी की गई। किसान की शिकायत पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा बया द्वारा जांच की गई, जहां धान खरीदी रजिस्टर में सुधार करना पाया गया। वहीं धान की बोरियों की गिनती किये जाने पर रिकार्ड के अनुसार धान कम पाई गई। खरीदी केंद्र के कर्मचारी को कूटरचित रिकॉर्ड तैयार कर धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।



प्रार्थी माधव लाल नायक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा बया द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गयी कि आरोपी अमृतलाल पटेल एवं एक अन्य आरोपी द्वारा धान उपार्जन केंद्र रिकोकला में धान खरीदी में गड़बड़ी की गई है। इस सूचना पर एसडीएम गिरोधपुरी एवं तहसीलदार सोनाखान द्वारा जांच की गई, जिसमें धान खरीदी के रजिस्टर, धान आवक–जावक रजिस्टर आदि में फेरबदल कर आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी करना पाया गया। आरोपियों द्वारा छल करने के प्रयोजन से अतिरिक्त लाभ लेने के लिए कूट रचना कर अपने हिसाब से दस्तावेज तैयार ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ धान की बोरियों की गिनती किये जाने पर रिकार्ड के अनुसार धान कम पाया

### आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया

प्रकरण में थाना राजादेवरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमृतलाल पटेल 32 वर्ष निवासी ग्राम रंगोरा चौकी बया को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने एक अन्य आरोपी के साथ मिलकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए धान उत्पादन केंद्र रीकोकला में उपलब्ध रिकॉर्ड में कूटरचना कर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

## क्षेत्रीय परिहवन अधिकारी ने ली बस संचालकों की बैठक



**बलौदाबाजार।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सीएल देवांगन द्वारा जिला परिवहन कार्यालय में स्कूल बस संचालक एवं यात्री बस संचालकों की बैठक लेकर कंडक्टर लायसेंस बनवाने तथा बिना कंडक्टर से वाहन संचालन न करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर उक्त प्रशिक्षित कंडक्टर द्वारा प्राथमिक ▶▶ शेष पेज 11 पर

## 525 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम सुढेली में पुलिस ने रेड कार्रवाई कर भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब जब्त की। इस प्रकरण में शामिल आरोपी को गिरफ्तार जेल भेजा है।

थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। शनिवार को ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली से निरीक्षक अजय झा, उप निरीक्षक राजकुमार डहरिया, सहायक उप निरीक्षक मो. कय्यूम, प्रधान आरक्षक नरेंद्र निषाद, तिलक साहू, आरक्षक मोह. अकरम, रमाकांत भारद्वाज, अमनचौन तिर्की, अश्वनी पैकरा, मोहन मेश्राम, तुलेश्वर डडसेना, मोहन जांगड़े, महिला आरक्षक सरिता यादव, उकेश्वरी साहू की पुलिस टीम द्वारा भारी मात्रा में महुआ शराब बनाकर ▶▶ शेष पेज 11 पर



## सरपंच ने पूर्व सरपंच के खिलाफ थाने में दर्ज करायी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

नव गठित ग्राम पंचायत गोपालपुर सरपंच पद आदिवासी महिला के लिए आरक्षित हुआ है। इसमें मानमती पहारू साहू निर्विरोध सरपंच चुनी गई है। ज्ञात हो कि मानमती गोड़ आज से 35-40 वर्ष पूर्व अंतर जातीय विवाह की है। उन्हें जाति प्रमाण पत्र, आदिवासी वर्ग से प्राप्त हुआ है। सरपंच नाम निर्देशन पत्र में जाति प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है और उनके साथ में अंतर जाती विवाह करने का एफिडेट फार्म सरपंच पद के लिए फार्म भरते समय सलग्न किया गया, लेकिन जब निर्विरोध सरपंच बन गई। तो 26 फरवरी को सुबह 11 बजे नवनिर्वाचित सरपंच मेडिकल स्टोर्स से दवाई लेकर घर वापस जा रही थी। तो रास्ते में अंशु किराना स्टोर्स के पास रास्ता रोकर राम दयाल साहू पूर्व सरपंच ने बार-बार गोड़ गवार जंगली क्या सरपंच चलाएगी, कहकर जाती सूचक शब्द कहकर मानसिक प्रताड़ित किया गया। तब दुखी होकर मानमती पहारू सरपंच ने कहा कि मुझे इस तरह से बार-बार क्यों प्रताड़ित करते कहा। इस पर रामदयाल साहू ने ऊंची आवाज में कहा कि मैं एक बार नहीं बार-बार बोलूंगा कहते हुए अश्लील गाली देना शुरू कर दिया। तब सरपंच पति अपनी पत्नी की आवाज सुनकर घटना स्थल पर आया तो उन्हें भी पूर्व सरपंच राम दयाल साहू ने गाली देना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। तब सरपंच पति के साथ थाना सरसीवां पहुंची और राम दयाल साहू के खिलाफ लिखित ▶▶ शेष पेज 11 पर



### जांच चल रही है

दोनों पक्ष से आवेदन प्राप्त हुआ है, जांच चल रही है।

-राजेश कुमार चन्द्रवंशी
थाना प्रभारी, सरसीवां

## जानकारी उपलब्ध कराये जाने के बावजूद घंटों बिठाए जाने और पुनः बुलाये जाने पर जताया आक्रोश

# प्रवर्तन निदेशालय का कांग्रेसियों ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा जारी समन के आधार पर प्रदेश महामंत्री द्वारा बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराये जाने के बावजूद घंटों बिठाए जाने और पुनः बुलाये जाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुशार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गार्डन चौक में पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय भारतीय जनता पार्टी का आनुसांगिक संगठन की भांति कार्य कर रहा है। हमारी पार्टी और कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। तानाशाहीपूर्ण कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस पार्टी निरंतर सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेगी। शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार दंतेवाड़ा के लोहा खदानों को नीलाम करने वाली है। नगरनार का संयंत्र नीलाम करने वाली है। हर ओ आवाज जो बस्तर से उठ सकती है हर ओ नेता जो विरोध का नेतृत्व कर सकता है, ऐसे हर नेता को निशाने पर लेकर मोदी के दोस्तों का रास्ता आसान बनाने की साजिश की जा रही है, जिसका पुरजोर विरोध कांग्रेस पार्टी कर रही है।

■ गार्डन चौक में पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया



### ये रहे उपस्थित

उक्त अवसर पर राकेश वर्मा, रूपेश ठाकुर, विक्रम पटेल, प्रभाकर मिश्रा, राजा तिवारी, सुरेंद्र जायसवाल, दीपक साहू, सुभाष राव, मनोज प्रजापति, गोविंद पात्रे, रविन्द्र नामदेव, सलमान शेख, लखेश साहू, सुखदेव साहू, धर्मेंद्र वर्मा, अनिल साहू, संदीप साहू, अभिषेक पटेल, नीलेश बंजारे, गोल्डी मोरझ्या, अर्जुन सेन, प्रवीण सेन, ईश्वर कुर्रे, आयुष भतपहरी, कृष्ण टंडन, राजा रजक, भोला बांधे, केशव कोशले, कुलेश्वर गेंड्रे, सोहन गेंड्रे, त्रिवेद चतुर्वेदी, अजय भारती, मिथुन शिंदे, मुकेश कुर्रे, अनिल मार्कण्डेय, मदन कुर्रे, कमलेश्वर यद्दु, सोनू ठाकुर, शादाब चौहान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हरिभूमि
## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**8224035555, 8370049468**

## खबर संक्षेप

### आदिवासी समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**सिर्री।** आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र गातापार के तत्वावधान में 2 मार्च को परिक्षेत्रीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन सुबह 10 बजे से ग्राम कोड़ेबोड़ के बाजार चौक में किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीवराखनलाल मरई जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज धमतरी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलंजन सिंह मंडावी करेंगे। समाजजनों से उपस्थिति की अपील की गई है।

### देवांगन समाज सिर्री मंडल का वार्षिक सम्मेलन आज

**सिर्री।** देवांगन समाज सिर्री मंडल वार्षिक सम्मेलन एवं मां परमेश्वरी महोत्सव 2 मार्च रविवार को ग्राम इकाई हथबंद में रखा गया है जिसमें वार्षिक आय-व्यय की जानकारी भी दी जाएगी। कलश यात्रा निकालकर परमेश्वरी महोत्सव मनाया जाएगा। कलश सजाओ स्पर्धा के साथ ही समाज के वरिष्ठजनों, बुजुर्गों का सम्मान भी किया जाएगा।

### किसान यूनियन की बैठक 4 मार्च को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ किसान यूनियन जिला धमतरी की बैठक 4 मार्च को दोपहर 12 बजे जिला अस्पताल के सामने नेहरू गार्डन में रखी गई है। 19 मार्च को आयोजित किसान पंचायत धमतरी मेंराष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत शामिल होंगे। यह जानकारी सुदर्शन ठाकुर, रामनिहोरा निषाद, महावीर साहू ने दी है।

### पेंशनरों की बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 मार्च गुरुवार को दोपहर 12 बजे पेंशनर एसो. भवन धमतरी में होगी। बैठक में पेंशनरों का जन्मदिन एवं नए सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी वीरेंद्र नाग जिलाध्यक्ष व मोतीलाल हिरवानी सचिव ने दी है।

### संशोधित समय सारिणी जारी

**आमदी(धमतरी)।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर द्वारा मार्च-अप्रैल 2025 में आयोजित होने वाली स्नातक परीक्षाओं की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। वार्षिक परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित होंगी। प्रथम पाली में प्रातः 7 से 10 बजे तक बीएससी, बीकाम भाग 2 एवं 3 की परीक्षा होगी। इसी प्रकार द्वितीय पाली में दोपहर 3 से 6 बजे तक बीए भाग 2 एवं 3 की परीक्षा होगी। वार्षिक परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल तक चलेगी। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में प्रथम पाली में कुल 141 एवं द्वितीय पाली में 83 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें।

### युवती ने की आत्महत्या

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान होकर युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार स्थानीय सोरिद भर्रीपारा निवासी दिव्या सिन्हा पिता जागेश्वर उम्र 24 वर्ष कपड़ा सिलाई का काम करती थी। युवती बीते 5-6 महीनों से बीमार चल रही थी। बीमारी से परेशान होकर युवती ने शुक्रवार को कपड़े की रस्सी का फंदा बना घर में लगी खिड़की पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया।

// शपथ पत्र //
श्याम बाई चौहान, उम्र 36 वर्ष, पति बुन्दराम, जाति गांड़ा, निवासी ग्राम मड़कड़ा, पोस्ट झबड़ी, तहसील कसडोल, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) ...शपथकर्ता
शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि :-
01. यह कि शपथकर्ता का नाम, पता व सकूनत उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
02. यह कि मेरा वास्तविक नाम श्याम बाई चौहान पति बुन्दराम एवं जन्मतिथि 23/04/1988 है। जो कि मेरे मतदाता परिचय पत्र एवं पेन कार्ड में दर्ज है।
03. यह कि मेरे आधार कार्ड क्र. 7754 3003 7647 में मेरा नाम श्याब बाई पति बुन्दराम एवं जन्मतिथि 19/02/1988 दर्ज है जो त्रुटिवश दर्ज हो गया है।
04. यह कि मेरे उक्त आधार कार्ड में त्रुटिवश दर्ज नाम को परिवर्तित कराकर अपना वास्तविक नाम - श्याम बाई चौहान पति बुन्दराम एवं जन्मतिथि 23/04/1988 दर्ज कराना चाहती हूं जिसके समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत करती हूं।
शपथकर्ता
सत्यापन
मैं श्याम बाई चौहान, उम्र 36 वर्ष, पति बुन्दराम, जाति गांड़ा, निवासी ग्राम मड़कड़ा, पोस्ट झबड़ी, तहसील कसडोल, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र में वर्णित कंडिका क्र. 01 से 04 तक सत्य एवं सही है। जिसे आज दिनांक 28/02/2025 को स्थान कसडोल में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर /अंगूठा निशानी कर सत्यापित किया।
दिनांक 01/03/2025
स्थान - कसडोल
सत्यापनकर्ता
श्याम बाई चौहान

# हिंदी के पेपर से बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू, दसवीं की कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो गई। कक्षा 12वीं का आज हिंदी विषय का पहला पर्चा था। परीक्षा के बाद परीक्षा केंद्रों से निकले परीक्षार्थियों के चेहरे का सुकुन बता रहा था कि पर्चा अच्छा गया। अब तीन मार्च से कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा हिंदी विषय के पर्चे से शुरू होगी। बता दें कि आज से बोर्ड परीक्षा की शुरूआत हो गई है। परीक्षा में नियमित तथा स्वाध्यायी विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। आज से 12वीं बोर्ड की परीक्षा की शुरूआत हिंदी विषय से हुई। परीक्षा केंद्रों से निकले परीक्षार्थियों के चेहरे पर मुस्कान थी। विद्यार्थियों ने बताया कि हिंदी का पर्चा सरल था जिससे हल करने में कोई खास कठिनाई नहीं हुई। पर, गणित, विज्ञान, वाणिज्य के लिए उन्हे काफी मेहनत करनी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा से पहले हुई प्री बोर्ड परीक्षा के चलते बोर्ड का पैटर्न समझने में आसानी हुई साथ ही बोर्ड परीक्षा से पहले पूरे साल की पढ़ाई का आंकलन हुआ जिसके आधार पर बोर्ड परीक्षा की तैयारी में मदद मिली।

## विद्यार्थियों ने कहा-प्री बोर्ड परीक्षा के चलते बोर्ड का पैटर्न समझने में हुई आसानी

### पिछले साल की तुलना में विद्यार्थी हैं कम

वर्तमान शिक्षा सत्र में कक्षा 10वीं की परीक्षा के लिए 12658 विद्यार्थियों ने आवेदन दिया है, पिछले साल इनकी संख्या 14127 थी। यानि गत वर्ष से इस साल 1469 परीक्षार्थी कम हैं। इसी तरह इस साल 12वीं की परीक्षा के लिए कुल 9176 ने परीक्षा फॉर्म भरे हैं। गत वर्ष यह संख्या 10428 थी। इस कक्षा के लिए भी इस साल गत वर्ष की अपेक्षा 1252 कम विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं।



### उड़नदस्ता करेगा निगरानी

विभागीय अफसरों ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए जिला स्तर पर पांच उड़नदस्ता दल बनाया गया है। एक उडनदस्ता दल में पांच कर्मचारी होंगे। इसी तरह तहसील स्तर पर भी पांच दल, प्रत्येक दल में तीन कर्मचारी होंगे जो परीक्षा के समय निगरानी करेंगे।

मालूम हो कि इस साल कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 9 हजार 176 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। वहीं 10वीं की बोर्ड परीक्षा तीन मार्च से शुरू होगी। इस बार 10वीं में कुल 12 हजार 658 परीक्षार्थी हिस्सा लेंगे। इस साल छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार आज से 12 की परीक्षा शुरू हुई जो 28 मार्च तक चलेगी। इसी प्रकार 10 वीं की परीक्षा तीन मार्च से शुरू होकर 24 मार्च तक चलेगी। उक्त बोर्ड परीक्षाएं जिले के 115 परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी जिसमें 2 हाईस्कूल और 113 हायर सेकंडरी स्कूल के केंद्र शामिल हैं। इस साल विकासखंड बागबाहरा में दो नया परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लमकेनी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकमा को शामिल किया गया है।

## बैठक : गुरु बालदास साहेब की अध्यक्षता में मेला समिति की बैठक सम्पन्न

# चाक चौबंद सुरक्षा के बीच गिरौदपुरी मेला 4 से 6 मार्च तक, जुटेंगे लाखो श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गिरौदपुरी धाम में तीन दिवसीय गुरु दर्शन मेले का आयोजन 4 से 6 मार्च तक किया जायेगा। धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब की अध्यक्षता में गिरौदपुरी मेला आयोजन समिति की बैठक का आयोजन शनिवार को जिला पंचायत के सभागार में हुआ। बैठक में मेला की तैयारी की समीक्षा तथा श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं एवं सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था पर जोर दिया गया। राजमाता गुरु प्रवीण माता, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, राजमहंतगण, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, कलेक्टर दीपक सोनी, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

समिति के अध्यक्ष गुरुबालदास साहेब ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के सम्मान में लगने वाला गिरौदपुरी मेला सबकी भागीदारी से शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित सम्पन्न करने का प्रयास हो। गिरौदपुरी धाम मानव आस्था का केंद्र है, जहां किसी प्रकार की भेद–भाव का कोई स्थान नहीं है। शांतिपूर्ण एवं सफल मेला आयोजन सबकी जिम्मेदारी है। शासन – प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा है। किसी प्रकार की उपद्रवी तत्वों की पहचान हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि गिरौदपुरी मेला लोगों के आस्था का केंद्र है, जहां लाखों श्रद्धालु जुटते हैं।




### एसडीएम दुबे को मिली मेला स्थल पर व्यवस्था की जिम्मेदारी

कलेक्टर दीपक सोनी ने बैठक की कार्यवाही का संचालन करते हुए मेले के लिए इस साल प्रस्तावित की गई व्यवस्था की जानकारी दी। मेले की तमाम व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कसडोल एसडीएम आरआर दुबे को मेला नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य स्तर से करीब 23 राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि मेले की तैयारी के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है, जिनके द्वारा समय पर सभी तैयारी पूरी कर ली जाएगी। दर्शनार्थियों के लिए पेयजल एवं निस्तारी जल का पर्याप्त इंतजाम रहेगा।

### मेला स्थल पर रहेगा पुलिस कंट्रोल रूम

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि मेला स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं, जिसकी मॉनिटरिंग पुलिस कंट्रोल रूम से होगी। 7 अलग-अलग स्थानों दमकल गाड़ियां भी विद्यमान रहेंगी। मेला स्थल के चप्पे–चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था तीन लेयर में की गई है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहेंगे। अलग से पेट्रोलिंग पार्टी की ड्यूटी लगाई गई है। मेला आने –जाने में मार्ग में कोई रुकावट न हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा। छाता पाहाड़ में वायरलेस सेट भी लगाया गया है।

### मेला स्थल पर टैंकों में पानी भरना शुरू

मेला स्थल पर मौजूद 30 लाख, 8 लाख एवं 75 हजार लीटर क्षमता के टैंक को साफ कराकर पानी से भरना प्रारंभ हो गया है। समुचित स्थलों पर चलित टॉयलेट और स्थायी टॉयलेटों की साफ–सफाई, बिजली संबंधी जरूरत का आकलन व पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिये गए। गुरु निवास सहित सभी ठिकानों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात रहेगी। पर्याप्त दवाइयों एवं एम्बुलैंस के साथ रहेंगे। सीएचसी कसडोल को 24 घण्टे अलर्ट मोड़ में रहने के निर्देश दिये गए हैं। मेला स्थल की साफ–सफाई के लिए प्रत्येक नगरीय निकाय से सुबह और शाम दो टाइम सफाई की व्यवस्था रहेगी। दाल–भात केन्द्र चलाने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। मेला स्थल को 5 सेक्टर में विभाजित किया गया है। राज महंतों के लिए पृथक वाहन पार्किंग, 5 स्थानों पर पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित किये जाएंगे।

# जनपद सदस्य बनने पर कृष्णा का ग्रामीणों ने किया जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

क्षेत्र क्रमांक 9 में जीत दर्ज करने के बाद जब कृष्णा आजाद अपने गृह ग्राम पहुंचे, तो ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। पलारी जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से जीत हासिल करने वाले कृष्णा आजाद का ग्राम मतवारी लटेरा, हरिनभटा, गैतरा, बोहाडीह, सुन्दरावन, संडी बंगला, पलारी सहित विभिन्न गांवों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने फूल–मालाओं के साथ भव्य अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने उन्हें कंधे पर उठाकर अपने उत्साह और समर्थन का परिचय दिया। इस अवसर पर कृष्णा आजाद ने सभी मतदाताओं और समर्थकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा यह क्षेत्र मेरे लिए नया था, लेकिन प्रचार के दौरान मुझे कभी अजनबीपन महसूस नहीं हुआ। हर ग्रामीण ने पूरे अपनेपन और आत्मीयता के साथ मुझे अपनाया। यह आपका प्यार और भरोसा ही है, जिसकी बदौलत मैं जिले में सबसे अधिक मतों से विजयी हुआ। मैं इस एहसान को कभी नहीं भूलूंगा और पूरी निष्ठा से आपकी सेवा करूंगा। यह जीत न केवल उनकी लोकप्रियता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि जनता ने उनके नेतृत्व और व्यक्तित्व पर अटूट विश्वास जताया है।

### ग्रामीणों की उम्मीदें, विकास की नई राह

कृष्णा आजाद की सरलता, मिलनसार स्वभाव और जनसेवा के प्रति समर्पण के चलते जनता को उनसे बहुत उम्मीदें हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है। हमें सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि कृष्णा आजाद जैसा नेता हमारे क्षेत्र से निर्वाचित हुआ। अब हमें भरोसा है कि हमारा इलाका भी विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। आजाद ने भी जनता को आश्वस्त किया कि वे हर जरूरतमंद की आवाज बनेंगे और क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे। उनकी इस जीत से पूरे इलाके में नई ऊर्जा, उत्साह और विश्वास का माहौल बना हुआ है।

# रेलवे स्टेशन से 3 लाख से ज्यादा का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोमाखान पुलिस ने रेलवे स्टेशन से एक व्यक्ति के पास से 3.15 लाख रुपए का 21 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति दो सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ रेलवे स्टेशन कोमाखान में ट्रेन का इंतजार करता हुआ बैठा है। इसके बाद पुलिस टीम उक्त संदेही व्यक्ति के पास पहुंची। पूछताछ करने पर संदेही ने अपना नाम आनंद कुमार सिंह पिता सुरेंग्प नाथ सिंह (47 साल) मोटेर खलिहाभांठा थाना कलमपुर जिला कालाहांडी (ओडिशा) का रहने वाला बताया। गांजा के संबंध में आरोपी ने बताया कि वह अपने गांव मोटेर खलियाभांठा के जंगली पहाड से थोड़ा-थोड़ा गांजा इकट्ठा कर भिलाई नगर (दुर्ग) छग में रहने वाले अपने गांव के नावा तांडी पिता आशाराम तांडी (55 साल) मोटरे खलियाभांठा थाना कलमपुर जिला कालाहांडी के पास लेकर जा रहा था। आरोपी ने बताया कि नावा तांडी छग में चुनाव के चलते आचार संहिता लगने के बाद गांव आया था, तथा मुझसे संपर्क कर गांजा लाने के लिए नगद 20, 000 रुपए दिया था तथा बाकी पैसा गांजा को भिलाई लाने के बाद देने की बात कही थी। इसके बाद वह गांजा लेकर भिलाई दुर्ग के लिए निकला था पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो बोरियों 10 व 11 किलोग्राम कुल 21 किलोग्राम गांजा कीमत 3 लाख 15 हजार को जब्त किया।

# आग लगने से बालाजी एजेंसी में लाखों का सामान खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शहर के रामदेव मंदिर के पास स्थित श्री बालाजी एजेंसी में शनिवार को सुबह करीब पांच बजे आग लग गई।

मोहल्लेवासियों ने दुकान से धुंआ निकलता देखा तो दुकान मालिक को इसकी सूचना दी गई। संचालक द्वारा तत्काल दुकान का शटर खोला गया और मोहल्लेवासियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लाखों के बिजली सामान जलकर खाक हो चुके थे। एजेंसी के संचालक बसंत लूनिया ने बताया कि आग संभवतः शार्ट सर्किट से लगी है, क्योंकि दुकान के सभी बिजली के स्वीच ऑफ थे केवल सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर ऑन था। आग से लगभग 5 से 7 लाख का सामान जल गया है। कोतवाली टीआई शरद दुबे ने बताया कि आग लगने की सूचना पर गए थे अभी पंचनामा नहीं हुआ है।

## पेज 11 के शेष

### बारहवीं की बोर्ड...

जाना पड़ता है और यह इतना गहरा है कि साइकिल भी पार नहीं कर सकते। कई बच्चे इस गड्ढे में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। एक बच्चे का नाखून उखड़ गया, वहीं कई बच्चों को हाथ-पैर में चोटें आईं। विद्यार्थियों ने प्रशासन से गहरे गड्ढे को बंद करने की मांग की है, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। पीएम श्री सेजेस स्कूल सुहेला के परीक्षा केंद्र अध्यक्ष, गणेश राम ने बताया कि 12वीं की परीक्षा में 174 विद्यार्थियों में से 172 उपस्थित हुए, जबकि 2 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्वक संचालित हो रही है, हालांकि पानी की समस्या बनी हुई है, लेकिन बच्चों के पानी पीने के लिए ड्रम में पानी की व्यवस्था की गई है। 12वीं की छात्रा आरती ने बताया कि हिंदी का पेपर अच्छा था, लेकिन गहरे गड्ढे के कारण गिरने का डर बना रहता है। कुछ बच्चे वहां गिरकर चोटिल हो चुके हैं। साइंस की छात्रा आंचल ने भी बताया कि पेपर अच्छा था, लेकिन वॉशरूम में पानी की समस्या है और परीक्षा के दौरान दो बार बिजली भी चली गई, जिससे उन्हें परेशानी हुई। उन्होंने पानी और बिजली की बेहतर व्यवस्था की मांग की।

### धान खरीदी में ...

किया गया तथा उक्त कूटरचित रिकॉर्ड को तैयार कर असल रिकॉर्ड के रूप में प्रस्तुतकिया गया। रिकॉर्ड के अनुसार समिति में कुल 16064 नग धान बोरी वजन 6425.60 क्विंटल होने का रिकॉर्ड मिला तथा रिकॉर्ड अनुसार फड़ में मौजूद धान बोरी की गिनती करायी गई, जिसमें गिनती कराने बाद 10093 नग धान बोरी वजन 4037.20 क्विंटल होना पाया गया। अर्थात 5971 नग धान बोरी वजन 2388.40 क्विंटल कीमती 74,04,040 कम धान होना पाया गया। रिपोर्ट पर थाना राजादेवरी में धारा 316(5), 3(5), 336(2), 336(3), 340(2), 318(2), 238 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

### क्षेत्रीय परिहवन अधिकारी...

उपचार किया जा सके। इसके तहत सभी कंडक्टरों को जिला चिकित्सालय से प्रशिक्षण प्राप्त कर कंडक्टर का कार्य करना होगा। प्रशिक्षित आवेदकों का जिला परिवहन कार्यालय से कंडक्टर लायसेंस हेतु त्वरित कार्रवाई करते हुए कंडक्टर लाइसेंस की प्रक्रिया की जायेगा। उन्होंने कहा भविष्य में वाहन का संचालन मोटरयान अधिनियम या नियम के विरुद्ध करते पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी। वहीं संचालकों को बसों का संचालन व्यवस्थित ढंग से करने कहा गया। बैठक में श्रीचंद पंजवानी, अभिषेक पटेल, डोमन टंन, महेश ठाकुर, महेंद्र कनौजे तथा अन्य उपस्थित थे।

### 525 लीटर महुआ ...

उसे बिक्री करने के उद्देश्य से डम्प करने की सूचना पर ग्राम सुढेली में छापा मारा गया। इस दौरान अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर उसे बिक्री करने वाले 2 आरोपी सोमदास भारद्वाज तथा लोकनाथ कुर्रे दोनों निवासी ग्राम सुढेली को मौके से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से 1,05,000 कीमत मूल्य का 525 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त करने में पुलिस टीम को सफलता मिली। पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण इलाके का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें अवैध रूप से महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल भारी मात्रा में एल्युमिनियम के बर्तन, प्लास्टिक डिब्बे, मिट्टी के बर्तन, जलाऊ लकड़ी आदि भी मिली, जिसे विधिवत जब्त किया गया है। धारा 34(02) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### सरपंच ने पूर्व...

में शिकायत दर्ज की। उन्होंने थाना प्रभारी से पीड़िता के आवेदन का गहन अध्ययन कर जांच में सही पाए जाने पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# हाईवे में डिवाइडर से टकरा कार पलटी, बाल-बाल बचा चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अत्यधिक तेज रफ्तार से रायपुर की ओर से आ रही कार डिवाईडर से टकराकर पलट गई। नेशनल हाईवे में घोड़ारी के पास महानदी पुल से पहले शनिवार सुबह हुई इस घटना में चालक को मामूली चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार कार क्रमांक सीजी 04 ओडी 9098 रायपुर से महासमुंद की ओर आ रही थी। प्रत्यदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना की वजह अत्यधिक रफ्तार थी। बता दें कि महानदी पुल के दोनों ओर फल और सब्जी की अस्थाई दुकानें सड़क की दोनों ओर लगती है। जिसके चलते लोग सड़क पर लापरवाही पूर्वक वाहन खड़ी कर खरीदी करते हैं।



संभावना है कि चालक द्वारा दुर्घटना के डर और ब्रेक मारने पर तेज रफ्तार कार पलट गई।

मालूम हो कि राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर होने वाली सड़क हादसों को रोकने और राहगीरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नदी मोड़ से सरायपाली तक मार्ग के दोनों किनारे अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ टोल प्रबंधन की कार्रवाई लगातार जारी है।

# तोड़फोड़ की शिकायत कार्रवाई की मांग

**महासमुंद।** शहर के गंजपारा स्थित काली मंदिर में तोड़फोड़ की शिकायत कोतवाली थाना में की गई है। मंदिर के पूजा पाठ कर्ता-धर्ता सतीश गोंडाने ने कोतवाली थाना से की गई शिकायत में बताया है कि 28 फरवरी को रात्रि 11 से 11:30 बजे वार्ड नं. 19 गुजराती पारा निवासी राजू सोनी पिता स्व. रामसजीवन सोनी के द्वारा नशे में धुत होकर अश्लील गाली गलौज करते हुए मंदिर परिसर में लगे पीने का पानी टंकी को तोड़फोड़ कर बिजली वायर खींचकर एवं सीढ़ी एवं जाली तार को भी तोड़कर क्षति पहुंचाया है। मेरी पत्नी एवं पुत्र के मना करने पर गाली-गलौज कर मारपीट करने उतारू हो गया। जिसकी जानकारी पुलिस पेट्रोलिंग को दिए जाने के बाद पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता ने बताया है कि पूर्व में भी 08 सितंबर 2019 को राजू सोनी पिता स्व. रामसजीवन सोनी के द्वारा मंदिर एवं मंदिर परिसर से लगे मेरे घर में भी तोड़फोड़ किया गया था। जिसकी लिखित शिकायत भी मेरे द्वारा किए जाने के बाद एसपी जितेंद्र शुक्ला के द्वारा महापात्रो साहब से जांच कराकर नोटरी के समक्ष समझौता कराया गया था। जिसका पूर्ण विवरण थाना महासमुंद के रजिस्टर में दर्ज है। प्रार्थी द्वारा घटना की रिपोर्ट पर राजू सोनी पिता स्व. रामसजीवन सोनी के विरूद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा मुझे एवं मेरे परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराए जाने की मांग की है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# टेकारी में कई महिलाएं महतारी योजना के लाभ से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक महिला को 1000 प्रतिमाह उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाता है, लेकिन ग्राम टेकारी की लगभग 25 से 30 महिलाएं अभी तक इस योजना का लाभ नहीं उठा पाई हैं। महिलाओं ने स्थानीय अधिकारियों, सचिव और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अपनी समस्याएं साझा की हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

ग्रामीण महिला हेमलता ने बताया कि फॉर्म आंगनवाड़ी वाले के पास जमा किए हैं, साल भर हो गए हैं, लाभ नहीं मिल पा रहा है। हम चाहते हैं कि हमें भी महतारी वंदन योजना का लाभ मिले। ग्रामीण रुक्मणी ने बताया कि साल भर हो गया पैसा नहीं आ रहा है। फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए हैं। स्थानीय अधिकारी को समस्या की जानकारी दिए तो ग्राम में मुनियादी कराकर समस्या का निराकरण करेंगे बताया गया है, जो कि अब तक नहीं हुआ है।ग्रामीण महिला रेखा बाई ने बताया कि फार्म जमा नहीं लिया गया, जिसे लेकर वह जनपद कार्यालय सिमगा भी गए थे फार्म जमा करने, लेकिन वहां पर भी जमा नहीं लिया गया। साहब से मिले तो बोले कि कौन बोला तुमको यहां आने के लिए। इस प्रकार के व्यवहार से हमें बहुत दुख हुआ, तो हम लोग वापस आ गए।

## जिम्मेदार अधिकारी अलग-अलग दे रहे बयान, महिलाओं ने की जल्द समाधान की मांग

### आंबा कार्यकर्ता किए हैं अपडेट

टेकारी ग्राम पंचायत सचिव सरजू ध्रुव ने फोन पर बताया कि अब यह मैटर जो है महतारी वंदन योजना वाला आंगनवाड़ी वाले लोग किए हैं हम लोग तो किए ही नहीं है। मेरे पास ऐसी कोई शिकायत नहीं आयी है, चुकी यह बता दिया था कि यह जो काम है आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ही देखती है, हमारे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है।






### मुझे उतनी जानकारी नहीं

“ महतारी वंदन योजना लाभ के बारे में महिला बाल विकास वाले लोग ही बता पाएंगे, मेरे को उतना आइडिया नहीं है।

- अमित दुबे, जनपद पंचायत सीईओ

### सभी फार्म की ओके रिपोर्ट : आंबा

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नंदिनी वर्मा ने फोन पर बताया कि उस समय, समय बहुत कम था, सभी फॉर्म को सचिव ऑनलाइन कराने के लिए चॉइस सेंटर लेकर गए थे। सभी फॉर्म में ओके ओके दिए हैं, क्या कारण है कि ऑनलाइन नहीं हुआ है।

### डीबीटी और आधार को सही करवा रहे हैं

बलौदाबाजार महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी टीकवेंद्र जाटवर ने बताया की जिले में 328000 महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। कुछ हितग्राही है जिनके आधार में या डीबीटी में किसी किसी कारण से दिक्कत आ रही है, तो ऐसे ही ग्रहण को होल्ड रखा गया है। बैंक के माध्यम से चॉइस सेंटर के माध्यम से डीबीटी और आधार को सही करवा रहे हैं। जैसे-जैसे सही होते जा रहा है, उनके अकाउंट में राशि ट्रांसफर होते जा रही है। ऐसी महिलाएं जिनके आवेदन जमा नहीं हुआ होगा या सत्यापित नहीं हुआ होगा, इस कारण से उनको ओके प्राप्त नहीं हुआ होगा। टेकारी गांव का नाम अभी हमारे संज्ञान में आया है, शीघ्र हम इसका परीक्षण करवा लेते हैं। ग्रामीण महिलाएं चाहते हैं कि उन्हें भी महतारी वंदन योजना का लाभ मिले और इस संबंध में जल्द से जल्द समाधान किया जाए।

## खबर संक्षेप

### करणी प्लांट की बढ़ती जा रही समस्या : चोपड़ा

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि तुमगांव से लगे मां करणी कृपा पावर प्लांट की समस्याएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, जिसका समाधान करना आवश्यक हो गया है। चोपड़ा ने बताया है कि प्लांट से प्रदूषण बढ़ रहा है। फसलों को नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही प्लांट होने के कारण और भी बहुत सी समस्याएं सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में औद्योगिक अशांति फैली हुई है। प्लांट की समस्याओं के चलते पूरे क्षेत्र के लोगों द्वारा आंदोलन किए जा रहे हैं। प्लांट के कारण जिन किसानों के फसलों को क्षति पहुंची है, उनको मुआवजा दिलाए जाने की पहल हो।

### लापरवाही, विभाग ने थमाया एक लाख 35 हजार का बिजली बिल

**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कहा है कि एक तरफ साय की भाजपा सरकार में बिजली कटौती, लो वोल्टेज और फेस चेंज करना चरम पर है। वहीं हद तो तब हो गयी जब एक आम आदमी का बिल एक लाख 35 हजार भेजा गया। ऐसी लापरवाही सिर्फ भाजपा सरकार में ही देखने मिलती है। अंकित ने बताया कि अब उस एक आम आदमी को इस बिल को माफ करवाने दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। अंकित ने इस लापरवाही के लिए कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। साथ ही बिल में सुधार की मांग की है।

### टायलेट और भवन के लिए आंदोलन करेगी आप

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अब स्कूलों के टॉयलेट और भवन के लिए आंदोलन किया जाएगा। आजादी के 78 साल बाद भी जिले के बहुत सारे स्कूलों की हालत खराब है। पूरे छत्तीसगढ़ के स्कूलों की हालत खराब है। झाबक ने कहा कि भारत आने वाले समय में दुनिया का नंबर 1 देश बनेगा।

# भाटापारा स्टेशन में रूका हुआ निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ हो

### रेलवे डीआरयूसीसी की बैठक में भाटापारा रेल्वे स्टेशन के लिए समिति सदस्य राजेश ने रखी कई मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

रायपुर रेलवे मंडल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डीआरयूसीसी) की बैठक मंडल रेल प्रबंधक दयानंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में समिति सदस्य विधायक रायपुर-पश्चिम राजेश मूणत सहित डीआरयूसीसी सदस्यगण एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी और रायपुर मंडल के संबंधित वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में सर्वप्रथम समिति के सचिव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने सभी सदस्यों का स्वागत परिचय कराते हुए डीआरयूसीसी मीटिंग के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि डीआरयूसीसी मीटिंग रेल प्रशासन एवं यात्रियों के मध्य सेतु का काम करने वाले सदस्यों की समिति है। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद की अध्यक्षता में हुई इस प्रथम बैठक में समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने रेल और रेल यात्रियों के हित में कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी बातें रखी। राजेश शर्मा ने अपनी बात रखते हुए अमृत भारत योजना के तहत भाटापारा स्टेशन में रूका हुआ निर्माण कार्य पुनः चालू करने, एस्केलेटर सुविधा पुनः देने, भाटापारा गुड्स शेड मार्ग की सड़क चौड़ीकरण करने, लगभग 2 वर्षों से बंद 68745/68746 रायपुर कोरबा लोकल को पुनः चालू करने, अंचल की समस्त मेमू लोकल ट्रेनों के डिब्बों की संख्या 8 से बढ़ाकर 12 करने, सिकंदराबाद से रायपुर तक चलने वाली 3 दिवसीय 12771/12772 एक्सप्रेस को भाटापारा होते हुए बिलासपुर तक बढ़ाने, दुर्ग-हटिया के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन 08185/08186 को नियमित ट्रेन के रूप में चलाने, पूर्व के वर्षों में चलाई गई रायपुर-रायगढ़ फास्ट मेमू लोकल ट्रेन को पुनः चालू करने तथा रेल डिविजन के विभिन्न स्टेशन में कोरोना काल के पूर्व रूक रही उन ट्रेनों का स्टॉपेज पुनः बहाल करने की बात रखी। उक्त सभी बिंदुओं पर सार्थक रूप से विचार विमर्श हुआ और श्री शर्मा ने भरोसा जताया कि भाटापारा स्टेशन में अमृत भारत योजना के तहत चल रहा विकास का कार्य पुनः चालू होगा। इसके अलावा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एस्केलेटर की सुविधा भी फिर से शीघ्र चालू होगी।



### विधायक राजेश मूणत सहित कुल 14 सदस्य उपस्थित थे

बैठक में कुल 17 सदस्य नामित है, जिनमें समिति सदस्य विधायक राजेश मूणत सहित कुल 14 सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने अपनी अपनी बातें प्रमुखता के साथ बैठक में रखी। बैठक का संचालन और आभार प्रदर्शन करते हुए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने सभी सदस्यों के बहुमूल्य सुझावों के लिए आभार प्रकट किया तथा बैठक में उपस्थित होने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

### इंफ्रास्ट्रक्चर के नए प्रस्तावों का अध्यन किया जा रहा है

मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने कहा कि रायपुर मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति द्वारा समय-समय पर प्राप्त होने वाले सुझाव अति महत्वपूर्ण है, जिसके कारण गुणवत्ता में सुधार होता है। रायपुर रेल मंडल के सभी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में लगातार विस्तार हुआ है। रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर में प्रगतिशील गति से अमृत भारत स्टेशनों का पुनर्विकास हो रहा है। रायपुर से ट्रेनों का परिचालन बढ़े इसके लिए इस ओर प्रयास किये जा रहे हैं, इंफ्रास्ट्रक्चर के नए प्रस्तावों का अध्यन किया जा रहा है। यात्रियों की आवश्यकता के अनुसार रायपुर रेल मंडल सभी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ उपलब्ध करा रहा है।

# बच्चों ने जाना मानसिक स्वस्थ रहने का तरीका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में शाला प्रमुख मनहरण वर्मा एवं शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को बताया कि मानसिक स्वास्थ क्या है। उन्होंने बच्चों को मानसिक स्वास्थ का अर्थ बताया कि यदि बच्चा अपने साथियों के साथ पढ़ाई, लिखाई, खेलकूद में सामान्य रूप से भाग लेता है, सबके साथ सहज ही मेलजोल रखता, हंसता, खेलता है तो वह मानसिक रूप से स्वस्थ है। मानसिक स्वास्थ्य का संबंध भावनाओं से है। मानसिक स्वास्थ्य का बच्चों पर यह प्रभाव पड़ता है कि यदि कोई बच्चा दूसरे बच्चों को चिढ़ता है या छेड़ता है तो इसका बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है, माता-पिता अच्छे अंक लाने के लिए बच्चों पर दबाव डालते हैं तो इसका भी बच्चों मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, बच्चे अकेले में सोचता रहता है, उनके सीखने क्षमता प्रभावित होती है, वह अपने साथियों से अलग-अलग रहने लगता है। अपने मन के भावों को प्रगट नहीं कर सकता। इसीलिए हमें किसी बच्चे को चिढ़ाना व छेड़ना नहीं चाहिए। निदान यह है कि सभी बच्चे शाला में हिल मिल कर, सभी शिक्षन गतिविधियों में शामिल होकर, सीखने सिखाने में एक दूसरे की मदद कर व एक दूसरे के अच्छे कार्यों की प्रशंसा कर बच्चों की मानसिक स्वास्थ पर पड़ने वाले बुरा प्रभाव से बचाया जा सकता है।

# दिशा पब्लिक स्कूल में हुआ स्टार टोडलर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसानाला

ग्राम पंचायत रोहिना दिशा पब्लिक स्कूल में इस वर्ष भी स्टार टोडलर कार्यक्रम हुआ। अतिथि गौरी शंकर सीएससी कोषाध्यक्ष, गनपत बंजारे, सुदर्शन मानिकपुरी प्राचार्य, मोहन साहू अध्यक्ष पालक समिति, दुर्गेश साहू स्कूल प्रबंधक थे। स्टार टोडलर फंशन में करीब 40 से 50 प्रतिभागी स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे सुनीति साहू बीडीसी सहदेव सिंह सिदार, दिशा पब्लिक ने अपने विचार रखे।



कार्यक्रम के समापन समारोह में स्कूल प्रबंधन की ओर से उपस्थित अतिथियों को मोमेंटो देकर प्राचार्य और मैनेजमेंट डारेक्टर ने सम्मानित किया। स्टार टोडलर फंशन में अंचल के जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग सहित स्कूल स्टाफ में देवनारायण डहरिया, मनीराम टंडन, उमा किरण बर्मन, युगल मति साहू, कर्मन लाल निराला, सुनीति साहू, ऋतु भारद्वाज, एस्टर महिपाल, विजय दास, जमुना भारद्वाज, रंजिता टंडन, पूजा राय, संजय दास महंत, पूर्णिमा आदित्य, डिंपल आदित्य, वंदना साहू आदि का विशेष योगदान रहा।

# पदोन्नत प्रधान पाठकों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव में पदोन्नत प्रधान पाठक गजेंद्र कुमार देवांगन, दीपक कुमार वर्मा, दिव्या गुलाब लकड़ा को कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। पदोन्नत प्रधान पाठकों को साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया एवं उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्राथमिक प्रधान पाठक मीना गायकवाड, कुंती वर्मा, पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक ईश्वरी पांडे, शिक्षक विष्णु देवांगन, वीणा ध्रुव, संकुल समन्वय देवेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे। साथ ही शाला विकास समिति से जगमोहन वर्मा, गोपी गिलहरे, डॉ. बीआर गौतम एवं प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय की महिला समूह के सभी सदस्य उपस्थित थीं। नवागांव के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा पदोन्नत शिक्षकों को शुभ शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया एवं साल में दिए योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



# 15 वर्ष बाद चिरपोटा में महिला सरपंच बनीं सुशीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अनुसूचित जाति महिला सरपंच पद के लिए आरक्षित सीट पर इस बार ग्राम पंचायत चिरपोटा में 15 वर्ष के बाद सरपंच पद पर महिला सरपंच सुशीला प्रदीप बंजारे निर्वाचित हुईं। सरपंच पद पर हस्तचलित हैंडपंप चुनाव चिन्ह छाप पर प्रत्याशी रही सुशीला प्रदीप बंजारे ने 365 वोट पाकर चश्मा चुनाव चिन्ह छाप पर चुनाव लड़ रही चित्ररेखा डहरिया को 186 मतों से हराकर सरपंच पद पर निर्वाचित हुईं। इसी तरह पंचों में धनेश दास मानिकपुरी, मधु कुमार वर्मा, प्रेमलता वर्मा, प्रीति डहरिया, तखत राम चेलक, सुमन डहरिया, त्रिवेणी वर्मा, अनिता वर्मा, पूरन वर्मा एवं देवकी बाई वर्मा निर्वाचित हुईं। सुशीला प्रदीप बंजारे को ग्राम पंचायत चिरपोटा के मतदाताओं का भरपूर सहयोग एवं आशीर्वाद मिला। सुशीला प्रदीप बंजारे के चुनाव जीतने के बाद गांव में खुशी के माहौल है। जीत के बाद उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में सभी मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। सभी ग्रामवासी मिलकर ग्राम पंचायत चिरपोटा को विकास की ओर अग्रसर करेंगे हमारे सभी नवनिर्वाचित पंच और ग्राम के सभी बुद्धिजीवी व्यक्तियों की राय से सभी कार्य किए जाएंगे।



# भागवत कथा में आज कपिल अवतार और ध्रुव चरित्र पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम बरदा में भिजराम वर्मा के यहां स्व. नंदराम वर्मा, ऋषिकेश वर्मा की स्मृति में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा से हुआ। पहले दिन शुक्रवार को गांव में कलश यात्रा निकाली गई और शाम को पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया गया। कथा वाचन पं. अनिल शर्मा व पारायण करता रामकुमार पांडे है। 8 बजे से पूजन व कथा वाचन 1.30 बजे से चालू है। भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा पूजन कथा प्रारंभ, शनिवार को प्रहलाद चरित्र, रविवार को कपिल अवतार और ध्रुव चरित्र, सोमवार को राम एवं कृष्ण जन्म अवतार, मंगलवार को कृष्णा चरित्र, बल लीला, बुधवार को रस प्रसंग रुक्मणी मंगल, गुरुवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा विश्राम, शुक्रवार को तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा, प्रसादी वितरण, भोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा।



## सजनी बनीं गबौद पंचायत की सरपंच, 14 वोटों से जीती



**बलौदाबाजार।** जनपद पंचायत पलारी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गबौद में हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में युवा महिला सरपंच ने बाजी मारी। इस ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए चार प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। इसमें दूसरे नंबर पर रहे प्रत्याशी राजकुमारी गिरी जो कि पिछले 10 वर्षों से सरपंच का दायित्व निभा रहे टीकाराम गिरी की पत्नी है जिसे युवा महिला प्रत्याशी सजनी धनेश गिरी ने कांटे की टक्कर में 14 वोटों से हराकर ग्राम पंचायत गबौद की युवा महिला सरपंच निर्वाचित हुई। ग्राम पंचायत में दो मतदान केंद्र बनाए गए थे। मतदान केंद्र 269 में सजनी धनेश गिरी को 162 वोट तो राजकुमारी टीकाराम गिरी को 180 वोट, वही 270 मतदान केंद्र में सजनी धनेश गिरी को 111 वोट तो राजकुमारी टीकाराम गिरी को 79 वोट मिले। इस तरह सजनी धनेश गिरी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी दूसरे नंबर पर रहे राजकुमारी टीकाराम गिरी को 14 मतों से हराया। वही पंचों में भी नोखराम ध्रुव, पूर्णिमा गिरी, रूपनारायण गिरी, भागवत दास कोसले, श्याम रतन भारद्वाज, रेवती बाई, कोसले सोनी कुर्रे, बिसहत घृतलहरे, मोहित कुर्रे, खीखराम ओझा निर्वाचित हुए।

## कारी पंचायत में डॉ. गीता रजक बने सरपंच

**बलौदाबाजार।** जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत समीपस्थ ग्राम पंचायत कारी में सरपंच पद के लिए पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल में महज 13 वोटों से हारे डॉ. गीता रजक को इस बार 23 फरवरी को हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण के मतदान में मतदाताओं ने उनके पक्ष में मतदान कर एकतरफा जीत दिलाई। डॉ. गीता रजक के सरपंच पद पर निर्वाचित होने पर ग्रामवासियों सहित धोबी समाज में खुशी की लहर देखी जा रही है। 1800 मतदाता और 10 वार्ड वाले ग्राम पंचायत कारी में 1800 मतदाता में से 1424 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं दो मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिसमें वार्ड एक से पांच वार्ड तक के मतदान केंद्र में डॉ. गीता रजक को 186 वोट मिले। वार्ड क्रमांक 6 से 10 वार्ड तक दूसरे मतदान केंद्र में 342 वोट सहित कुल 528 मत प्राप्त हुए। वहीं रामखिलावन पटेल को वार्ड 1 से 5 के मतदान केंद्र में 220 वोट और 6 से 10 वार्ड के मतदान केंद्र में 128 वोट सहित कुल 348 मत प्राप्त हुए और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रामखिलावन पटेल को 180 वोटों से पराजित कर ग्राम पंचायत कारी के सरपंच पद पर निर्वाचित हुए। इसी तरह पंचों में मीना दया वर्मा, लता वर्मा, खुलेश्वरी, नरेंद्र डहरिया, जनार्दन वर्मा, ऋषि पटेल, सुंदर राजपूत, मीना अनिल वर्मा, पम्पा, चुनूराम साहू, संतोष वर्मा एवं धनसाय डहरिया निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित सरपंच डॉ. गीता रजक ने समस्त मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने जनता जनार्दन से वादा किया कि विकास कार्यों के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे और हमेशा जनता की उम्मीद पर खरा उतरने पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। ग्रामवासियों के सहयोग और बड़े बुजुर्गों के मार्गदर्शन से ग्राम पंचायत कारी में विकास की गंगा बहाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।



